SHAMSHUL HAQUE MEMORIAL TEACHER TRAINING COLLEGE
Jhunai Pahari, P.O. Ambona, Dist. Dhanbad- 828201 (Jharkhand)
Run & Managed By : Khurshida Foundation, Reg. No. 839/11-12
Affiliated to: Binod Bihari Mahto Koylanchal University, Dhanbad
Recognised by: NCTE, ERC- Bhubneshwar & HRD Govt. of Jharkhand
Mob.: 9708616139

Ref. No. SHMTTC/N/52/26 Date 13/08/2026

# Notice

झारखण्ड सरकार के निर्देशानुसार महाविद्यालय में 'प्रहरी क्लब' (Prahari Club) के गठन, इसके उद्देश्यों तथा महाविद्यालय परिसर को नशा मुक्त बनाने के संबंध में झारखण्ड सरकार, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के पत्रांक-01/वि0-14/2024 (खण्ड-1)- 1709, दिनांक 10/08/2026 एवं गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के ज्ञापांक-1600, दिनांक 21.04.2025 के आलोक मे सर्वसंबंधितों (प्रशिक्षुओं, शिक्षकों एवं कर्मियों) को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सरकार के निर्देशानुसार शिक्षण संस्थानों को पूरी तरह नशा मुक्त (Drug-Free Campus) बनाने और युवाओं को इसके दुष्प्रभावों से बचाने हेतु महाविद्यालय में ***'प्रहरी क्लब' (Prahari Club)*** का गठन किया जा रहा है।

इस क्लब के मुख्य उद्देश्य (Objectives) निम्नलिखित हैं:

- नशा मुक्त परिसर का निर्माण: महाविद्यालय परिसर और इसके आसपास के क्षेत्र को पूरी तरह से तंबाकू, सिगरेट, गुटका और अन्य मादक पदार्थों से मुक्त (Tobacco & Drug-Free Zone) रखना।
- जागरूकता और संवेदनशीलता: छात्र-शिक्षकों (Student-Teachers) एवं युवाओं के बीच नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना।
- नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी का विकास: भावी शिक्षकों (B.Ed. प्रशिक्षुओं) में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना ताकि वे विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को भी इसके प्रति प्रेरित कर सकें।
- रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन: समय-समय पर संगोष्ठी (Seminar), वाद-विवाद प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग और रैलियों का आयोजन करना।
- निगरानी एवं अनुपालन: परिसर के अंदर नशीले पदार्थों के सेवन पर रोक लगाने हेतु निगरानी समिति के रूप में कार्य करना।

विशेष चेतावनी: महाविद्यालय परिसर के अंदर किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन या उनका प्रसार करना दण्डनीय अपराध है। नियमों का उल्लंघन करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

सभी प्रशिक्षु एवं संकाय सदस्य इस क्लब के उद्देश्यों को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

Anubela

Principal